डॉ. सुमन खंडेलवाल
अधिष्ठाता

# कृषि महाविद्यालय

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर)
नौगावां, अलवर–301025 (राजस्थान)
ई. मेलः dean.coanavgaon@sknau.ac.in
मोबाइल नं.: 9414774474

क्रमांकः एफ. ( )/स्था./कृ.महा.वि.नौगावां/2025/**223** दिनांकः **30.06.2025**

## जे.सी.बी. कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु कोटेशन आमंत्रण सूचना

कृषि महाविद्यालय, नौगावां के परिसर में खड़ी झाड़ियों एवं मलबे को हटा कर साफ–सफाई एवं अन्य कार्य जे.सी.बी. द्वारा करवाये जाने के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक फर्मो/व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में भरकर दिनांकः 07.07.2025 को प्रातः 11:30 बजे तक सील बंद लिफाफे में कोटेशन आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त कोटेशन उसी दिन **दोपहर 12:00 बजे** महाविद्यालय की निविदा एवं क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य की अनुमानित लागत रूपये 50,000/– है। सम्पूर्ण निविदा अथवा उसके किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

**कार्य की शर्तेः**

1. फर्म का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
2. कार्य की दरें प्रति घंटे के हिसाब से प्रस्तुत करनी होगी।
3. कार्य के दौरान अगर किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
4. स्वीकृत दरें वित्तिय वर्ष 2025–26 के लिए ही मान्य होगी।
5. कार्य के दौरान निविदादाता द्वारा परिसर में किसी प्रकार का नुकसान होता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
6. संबंधित अधिकारी के निर्देशानुसार कार्यालय समय में ही कार्य करना होगा एवं मशीन शुरू करते व बंद करते समय मीटर का वास्तविक पठन/कार्य का समय दर्ज कराना होगा।
7. कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही/अनियमितता बरतने पर निविदा को निरस्त किया जा सकता है।
8. किसी भी परिस्थिति में अग्रिम भुगतान देय नहीं होगा।
9. कार्य समाप्ति उपरांत किये गये कार्य का बिल महाविद्यालय कार्यालय में जमा कराना होगा जिसका भुगतान कोष कार्यालय से बिल पारित होने पर नियमानुसार आयकर कटौती के उपरान्त ही किया जावेगा।
10. प्रस्तावित दर निर्धारित प्रपत्र में भरकर सीलबंद लिफाफे में अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, नौगावां को प्रेषित होनी चाहिए, किसी भी प्रकार की काँट–छाँट होने पर कोटेशन स्वीकार नहीं होगी।

Suman 30/06/2025
अधिष्ठाता

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. श्रीमान वित्त नियंत्रक, श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान प्रभारी सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को भेजकर अनुरोध है कि उक्त निविदा सूचना को विश्वविद्यालय पोर्टल पर प्रकाशित करने का श्रम करावें।
3. समस्त निविदा समिति सदस्य ............................................ कृषि महाविद्यालय, नौगावां, अलवर।
4. सूचना पट्ट पंचायत समिति/तहसील कार्यालय/ग्राम पंचायत नौगावां, बीजवा एवं मोहम्मदपुर।
5. रखित पत्रावली।

Suman 30/06/2025
अधिष्ठाता

# कृषि महाविद्यालय, नौगावां
## (श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)

### <u>जे.सी.बी. कार्य के लिए दर प्रपत्र</u>

मैं नीचे दर्शाये गये अनुसार कृषि महाविद्यालय, नौगावां के प्रक्षेत्र पर जे.सी.बी. से कार्य हेतु अपनी दरें प्रस्तुत कर रहा हूँ :–

| क्र.सं. | कार्य विवरण | प्रस्तुत दर सभी करों सहित (रूपये प्रति घंटा) |
|---|---|---|
| 1. | कृषि महाविद्यालय, नौगावां के परिसर में खड़ी झाड़ियों एवं मलबे को हटा कर साफ–सफाई एवं जे.सी.बी. से संबधित अन्य कार्य। | |

नोटः–निविदादाता इस प्रपत्र के साथ अपने जी.एस.टी. प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें।

निविदादाता के पूर्ण हस्ताक्षर

नामः

पताः

मोबाइल नम्बरः

Suman